## सीएसआईआर-सीरी का 72वाँ स्थापना दिवस भव्य रूप से आयोजित

## वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 का विमोचन किया गया, सहकर्मियों को सम्मानित किया

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेवारत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पिलानी, राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के 72वें स्थापना दिवस का आयोजन 21 सितंबर, 2024 को किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर चंद्रभास नारायण, निदेशक, आरजीसीबी मुख्य अतिथि थे। डॉ कन्नन श्रीनिवासन, निदेशक, सीएसआईआर - सीएसएमसीआरआई, भावनगर एवं डॉ ज़बीर अहमद, निदेशक, सीएसआईआर आईआईआईएम, जम्मू समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चंद्रशेखर, अन्य गणमान्य अतिथियों तथा मीडिया कर्मियों के अतिरिक्त पिलानी के नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से अतिथियों द्वारा **दीप प्रज्वलन** एवं सरस्वती वंदना से हुआ।




स्थापना दिवस संबोधन देते हुए मुख्य अतिथि
प्रोफेसर चंद्रभास नारायण, निदेशक, आरजीसीबी, तिरुवनंतपुरम



सभागार में उपस्थित अतिथिगण, पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मी



दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए
प्रो. चंद्रभास नारायण, निदेशक, आरजीसीबी, तिरुवनंतपुरम

इस अवसर पर मुख्य अतिथि **प्रोफेसर चंद्रभास नारायण** ने संस्थान के सहकर्मियों एवं सभी उपस्थित गणमान्य जनों को 72वें सीरी स्थापना दिवस की हार्दिक

बधाई दी। अपने **स्थापना दिवस उद्बोधन** में उन्होंने देश के औद्योगिक, कृषि एवं वैज्ञानिक विकास पर प्रकाश डालते हुए सीरी संस्थान द्वारा कोर इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ अन्य विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे शोध कार्यों की सराहना की। उन्होंने सीरी और आरजीसीबी के शोध सहयोग की संभावनाओं की चर्चा करते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों को इस नवीन शोध यात्रा का सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया। सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की शोध विविधताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश के समक्ष खड़ी चुनौतियों का समाधान केवल सीएसआईआर प्रयोगशालाएँ ही कर सकती हैं, आईआईटी जैसे शीर्ष शिक्षण या शोध संस्थान नहीं। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे अपने नवाचारों से देश को लाभान्वित करें। अंत में उन्होंने सीरी के निदेशक व सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी।



विशिष्ट अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ कन्नन श्रीनिवासन, निदेशक, सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई, भावनगर



विशिष्ट अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ ज़बीर अहमद, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू

विशिष्ट अतिथि डॉ कन्नन श्रीनिवासन और डॉ ज़बीर अहमद ने इस अवसर पर उन्हें आमंत्रित करने के लिए सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉ पंचारिया के नेतृत्व में सीएसआईआर-सीरी में चल रहे शोध कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने अपने-अपने संस्थानों की शोध गतिविधियों से अवगत कराया तथा सीरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सीरी परिवार के सभी साथियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी।



स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक **डॉ पी सी पंचारिया** ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने संस्थान की विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों व पूर्ण की गई परियोजनाओं सहित वर्तमान में जारी शोध परियोजनाओं की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया। डॉ पंचारिया ने विगतवर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुए वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने संस्थान के उद्देश्यों की प्राप्ति में चेन्नै व जयपुर केंद्र सहित अपने सभी वैज्ञानिक, तकनीकी व अन्य साथियों के योगदान की सराहना की।




संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 का विमोचन करते हुए अतिथिगण एवं निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




संस्थान कार्मिक को 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सम्मानित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ कन्नन श्रीनिवासन

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 का विमोचन किया गया तथा संस्थान में 10, 20, 30, 35 तथा 40 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहकर्मियों को **सेवा सम्मान पत्र** भेंट किए गए।




डॉ सत्यम श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ चंद्रभास नारायण

इस वर्ष संस्थान के लक्ष्यों की प्राप्ति में वैज्ञानिक एवं अन्य उल्लेखनीय सहयोग देने वाले वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पंचारिया ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को **स्मृति चिह्न भेंट** कर सम्मानित किया।




प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते हुए सीएसआईआर-सीरी एवं मेसर्स डिवाइन मेडिटेक के अधिकारीगण

स्थापना दिवस समारोह के दौरान डॉ सत्यम श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं उनकी टीम द्वारा विकसित 'हाई इन्टेन्सिटी लाइट सोर्स फॉर एन्डोस्कोपी एप्लिकेशन्स' का **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण** मेसर्स डिवाइन मेडिटेक प्रा. लि., नोएडा को किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीरी एवं मेसर्स डिवाइन मेडिटेक के अधिकारियों के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण संबंधी दस्तावेजों का आदान प्रदान डॉ मनीष मैथ्यु, प्रमुख, टीबीडी, सीएसआईआर-सीरी तथा मेसर्स डिवाइन मेडिटेक से कार्यकारी निदेशक श्री दलजीत सिह एवं उनकी टीम के बीच हुआ।

अंत में संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक **डॉ सुचंदन पाल** ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने अतिथियों का संस्थान में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया तथा आयोजन की सफलता के लिए निदेशक महोदय के

मार्गदर्शन में प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहकर्मियों को धन्यवाद दिया।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अदिति, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक

कार्यक्रम का समापन **राष्ट्रगान** से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ अदिति, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ राजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने उपस्थित वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों को अतिथियों का संक्षिप्त परिचय दिया।



एग्रीवोल्टिक्स प्लांट के उद्घाटन के उपरांत डॉ आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक से चर्चा करते हुए अतिथिगण

72वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर चंद्रभास नारायण तथा विशिष्ट अतिथियों डॉ कन्नन श्रीनिवासन एवं डॉ ज़बीर अहमद ने सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 10 किलोवॉट डीसी माइक्रोग्रिड-आधारित एग्रीवोल्टिक्स प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्लांट न केवल ऊर्जा बचत में उपयोगी होगा बल्कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के द्वारा किसानों की आय बढ़ाने में भी मददगार होगा। यह एग्रीवोल्टिक्स प्रणाली, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित की गई है।



इलेक्ट्रॉनिकी विज्ञान संग्रहालय (ऊपर) और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथिगण

मुख्य समारोह से पूर्व अतिथियों ने संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक्स विज्ञान दीर्घा, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी एवं प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन सहित संस्थान की प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। अतिथियों ने संस्थान की वैज्ञानिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों की सराहना की।

सायंकालीन सत्र में अतिथियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रशासन नियंत्रक श्री जयशंकर शरण ने किया।

-----------------

## कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र





















--------